तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

11 सीईटी के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त



12 एंबुलेंस चालक-प्राइवेट अस्पताल का गठजोड़ सरकारी की जगह प्राइवेट में ले गया, मौत के बाद वसूली रकम



## खबर संक्षेप

### जीवन हर दिन एक उत्सव कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 26 जुलाई को पंजाबी धर्मशाला में जीवन में नई उर्जा भरने वाला कार्यक्रम 'जीवन हर दिन एक उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि आईएमए के पूर्व जिला प्रधान डा. दीपक यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि तथा डा. नीरज यादव सचिव आरओजीएस विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से एडवोकेट राजकुमार जलवा पूर्व खंड षिक्षा अधिकारी, महेश यादव प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल झाड़ोदा व समाजसेवी आदर्श राजपाल का अभिनंदन किया जाएगा। तीज पर्व के लोक गीतों की प्रस्तुति के साथ उल्लेखनीय सेवा करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा।

### सड़क हादसों में तीन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग सड़क हादसों के बाद फरार हुए तीन गाड़ी चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बीते बुधवार को हुए सड़क हादसे में आरोपी गाड़ी चालक उत्तराखंड के टीमटा निवासी तेजसिंह को गिरफ्तार कर लिया। जाटूसाना थाना पुलिस ने 19 जुलाई को हुए सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए वाहन चालक कोसली की लाखान कॉलोनी निवासी यशवीर को गिरफ्तार किया है। 16 जुलाई को हुए हादसे में कसोला पुलिस ने राजस्थान के भिनाय निवासी पुखराज को गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले का आरोपी वारंट पर

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गत वर्ष रामनगर कॉलोनी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष के बयान पर गत वर्ष 15 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घायल ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले में जांच के बाद पुलिस ने अन्य मामले में जेल में बंद रामनगर निवासी देवेंद्र को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे फिर से जेल भेज दिया गया।

### डायरिया से आठ साल की बच्ची मरी

**रेवाड़ी।** ढालियावास में लगभग 8 साल की बच्ची की उल्टी-दस्त लगने से मौत हो गई। एमपी के जूही निवासी राजकिशोर परिवार के साथ ढालियावास गांव में रह रहा है। उसकी बेटी शिवानी को उल्टी-दस्त लग गए थे। वह अपनी बेटी को अस्पताल लेकर गया। अस्पताल में डॉक्टर ने बच्ची का उपचार शुरू किया। उपचार के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस अस्पताल पहुंच गई। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### गृह जिलों में बने दिव्यांगजनों के परीक्षा केंद्र, रेवाड़ी में 690 दिव्यांग देंगे परीक्षा

# सीईटी में एडमिट कार्ड और पहचान पत्र ले जा सकेंगे अभ्यर्थी

## प्रत्येक केंद्र पर लगेंगे जैमर, सीसीटीवी और मेटल डिटेक्टर

- महेंद्रगढ़-नारनौल से रेवाड़ी में परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के लिए 10 धर्मशालाओं में की गई ठहरने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सीईटी के आयोजन को लेकर बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो :हरिभूमि

प्रशासन की ओर से हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 26 और 27 जुलाई को दो सत्रों में आयोजित की जाने वाले कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट यानि सीईटी को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले में कुल 70 परीक्षा केंद्रों पर दोनों सत्रों में करीब 74 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगें। डीसी ने बताया कि परीक्षा के आयोजन को लेकर सभी व्यापक प्रबंध किए गए हैं और महेंद्रगढ़-नारनौल जिला से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए, जहां शटल सेवा उपलब्ध रहेगी वहीं जिले से गुरुग्राम व झज्जर जाने वाले परीक्षार्थियों को राज्य परिवहन की ओर से दूसरे जिलों में पहुंचाने के लिए बसों के प्रबंध कर दिए गए हैं। डीसी मीणा ने कहा कि अभ्यार्थी को बिना एडमिट कार्ड किसी को भी प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड की कलर कॉपी लानी होगी। ब्लैक एंड व्हाइट एडमिट कार्ड के साथ एंट्री नहीं दी जाएगी। एडमिट कार्ड के साथ आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी या पासपोर्ट में से कोई एक ले जाएं। इसके अलावा अपना पेन या पेंसिल जैसी स्टेशनरी चीजें नहीं लेकर आनी है। आयोग की ओर से ही एग्जाम केंद्र में पेन उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा हॉल में प्रश्न बुकलेट व ओएमआर शीट का नंबर सेम होना चाहिए। पेपर शुरू करने से पहले यह चेक कर लें। पेपर खत्म होने से पहले कोई भी एग्जाम केंद्र से बाहर नहीं निकलेगा। परीक्षार्थी पेपर खत्म होने के बाद पर्यवेक्षक को कमिशन कॉपी व ओएमआर शीट सौंप कर जाएं। अपने साथ केवल कैंडिडेट कॉपी ही लेकर जाएं। डीसी कहा कि परीक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी, फ्लाइंग स्क्वायड एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। प्रत्येक केंद्र पर जैमर, सीसीटीवी और मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे। स्टाफ को भी फोन के साथ अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रश्न पत्रों के सीलबंद बॉक्स परीक्षा केंद्रों तक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में पहुंचाए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट मशीन बंद रहेगी।

### परीक्षार्थियों के ठहरने के लिए विशेष प्रबंध

जिला प्रशासन की ओर से महेंद्रगढ़-नारनौल से रेवाड़ी में परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई है, जो परीक्षार्थी परीक्षा से एक दिन पहले जिला में आकर ठहरना चाहता है, इसके लिए 10 धर्मशालाएं आरक्षित की गई है। परीक्षार्थियों के रात्रि विश्राम के लिए ठहरने के लिए शहर की मक्खन लाल धर्मशाला, पंजाबी धर्मशाला, मियांवाली पंचायत घर, यादव धर्मशाला, अग्रवाल धर्मशाला, पंजाबी भवन, जाट धर्मशाला, गणेशी धर्मशाला, सैनी धर्मशाला, रविदास धर्मशाला में ठहरने के लिए व्यवस्था की गई हैं, जिसके लिए अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### बस की लें एडवांस बुकिंग

रोडवेज महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन की ओर से अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र तक ले जाने और वापसी के लिए फ्री परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एग्जाम सेंटर के निकटतम प्वाइंट तक फ्री शटल बस सेवा का संचालन भी किया जाएगा। अभ्यार्थी परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए लिंक पर जाकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी भरकर एडवांस सीट बुकिंग कर सकते हैं। परीक्षा की पहली शिफ्ट 26 जुलाई को सुबह 10 बजे से 11:45 बजे तक और शाम को 3:15 बजे से 5 बजे तक रहेगी। इसी तरह अगले दिन 27 जुलाई को भी इसी तरह इसी समय पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### गृह जिलों में बने दिव्यांगजनों के परीक्षा केंद्र

डीसी ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से दिव्यांगों की सुविधा के लिए उनकी सीईटी परीक्षा गृह जिलों में ही ली जाएगी और सभी के परीक्षा केंद्र गृह जिलों में ही बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी में 690 दिव्यांगजन हैं,जो सीईटी देंगे। ऐसे में उनकी स्वीकृति अनुरूप घर से परीक्षा केंद्र तक आने-जाने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई है ताकि किसी भी रूप से दिव्यांगों को परेशानी न हो सके।

# रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन ने किया नए सदस्यों का स्वागत

- कार्यक्रम में क्लब की सेवा भाईचारा और सामुदायिक प्रभाव पर जोर दिया गया
- आईपीपी रोटेरियन मनीष अरोड़ा ने सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में नए सदस्यों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन की ओर से नए सदस्यों का स्वागत करने और क्लब के मिशन व विजन से परिचित कराने के लिए समारोह आगाज का आयोजन किया। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन नेहा शर्मा और मानद सचिव रोटेरियन अनुकूल शर्मा ने सभी लोगों का स्वागत किया। आयोजन के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन रोटेरियन अरुण गुप्ता थे। समारोह में रोटेरियन डा. मनीष तनेजा, रोटेरियन डा. दीप्ति तनेजा, रोटेरियन रजत वर्मा व रोटेरियन तमन्ना वर्मा का स्वागत करके क्लब के बोर्ड सदस्यों का परिचय करवाया गया। कार्यक्रम में क्लब की सेवा, भाईचारा और सामुदायिक प्रभाव पर जोर दिया गया। आईपीपी रोटेरियन मनीष अरोड़ा ने सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। क्लब अध्यक्ष ने रोटरी क्लब की महिला सदस्यों को तीज के विशेष उपहार भी दिए। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने और रोटरी के वैश्विक मिशन के अनुरूप सेवा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

### खोरी की सिमरन शर्मा बनी नर्सिंग ऑफिसर



**कुंड।** गांव खोरी निवासी सिमरन शर्मा ने नर्सिंग ऑफिसर बनकर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिमरन ने इसी वर्ष अप्रैल में बीएससी नर्सिंग की उपाधि प्राप्त की थी। उसके बाद उसने घर रहकर ही अपनी पढ़ाई जारी रखी और सरकारी मेडिकल कॉलेज चंडीगढ़ में चयनित होकर अपना और अपने मां-बाप का नाम रोशन किया। सिमरन के पिता आदर्श शर्मा ने बताया की बीएससी नर्सिंग करने के बाद बेटी ने घर रहकर ही 12 से 16 घंटे पढ़ाई करते हुए उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर ताऊ दयानंद शर्मा, हरीश शर्मा, एडवोकेट दिनेश कुमार कौशिक, योगेश भारद्वाज,टिल्लू भारद्वाज, अनूप शर्मा, सचिन शर्मा, आशीष मुदगिल व भूपेंद्र शर्मा ने सिमरन के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नेशनल हाइवे पर टकराए कई वाहन, बड़ा हादसा होने से टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर वीरवार दोपहर कई वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, परंतु वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। काफी देर तक हाइवे पर जाम जैसे हालात बने रहे। वीरवार को नेशनल हाइवे पर वाहन तेज रफ्तार दौड़ रहे थे। हाइवे के दाहिनें हिस्से पर खिजूरी के पास एक कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे उसके पीछे चल रही दूसरी कार उस कार में घुस गई। दोनों कारों के पीछे चले 6 वाहन आपस में टकरा गए। इससे कई वाहन चालकों के होश उड़ गए। हादसे में किसी वाहन चालक या उसमें सवार लोगों को चोटें नहीं आई। वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। इन वाहनों के हाइवे पर खड़ा रहने से जाम जैसे हालात बन गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वाहनों को क्रेन की मदद से नेशनल हाइवे से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू हुआ। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने लापरवाही के आरोप में एक कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।



रेवाड़ी। नेशलन हाइवे पर टकराए वाहन। फोटो :हरिभूमि

# टीम नशे से पीड़ित 67 लोगों की कर चुकी पहचान, 15 का हुआ इलाज

- पुलिस टीम ने वीरवार को गांव रानौली में चलाया अभियान
- नशा पीड़ितों की पहचान कर डी एडिक्शन सेंटर में करवाया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। गांव में महिलाओं को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रही है। वीरवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव रानौली में ग्रामीणों से डोर टू डोर सम्पर्क किया और बैठक करके गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने वीरवार को तीन नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान भी की। पुलिस टीम ने नशे की लत से पीड़ित व्यक्तियों की काउंसलिंग कराकर डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया। नशा मुक्ति टीम अब तक नशे से पीड़ित 67 लोगों की पहचान कर चुकी है, जोकि किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ति है। इसके अलावा 15 नशा पीड़ितों का इलाज करवाया गया है। इस मौके पर निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशे की बुराई से व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर, जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना मिलती है या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग या नशे की सप्लाई करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करें। निरीक्षक रामपाल ने गांव के नौजवानों और बच्चों से नशे के विरुद्ध युद्ध में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

# ट्रैक्टर चालक से मारपीट करने का पांचवा आरोपी गिरफ्तार



- इस मामले में पुलिस चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी देवेन्द्र उर्फ दीपू। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान धारूहेड़ा के मोहल्ला रामनगर निवासी देवेन्द्र उर्फ दीपू के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। राजस्थान के जिला भरतपुर के गांव डबावली हाल आबाद नजदीक सेक्टर-4 धारूहेड़ा निवासी अर्जुन सिंह ने अपनी शिकायत बताया कि वह अजीत सिंह निवासी गांव अलावलपुर के ट्रैक्टर पर ड्राइवरी का काम करता है तथा सेक्टर-4 धारूहेड़ा के सामने ईंटों की मंडी में ईंट की सप्लाई करता है। 12 जुलाई 2024 को रात्री के समय वह अपने साथी गुड्डु उर्फ गुरप्रीत व रविकुमार के साथ मंडी में झोपड़ी के अंदर बैठा था, तभी एक गाड़ी में कपिल निवासी धारूहेड़ा अपने दो अन्य साथियों के साथ झोपड़ी के अंदर आया और उसके साथ मारपीट करके उसे जबरदस्ती गाड़ी में डाल कर खेतों की तरफ ले गया। खेतों में दो बाइक पर 4 युवक पहले से ही खड़े थे। आरोपियों ने उसे गाड़ी से बाहर निकालकर खेतों में फेंक दिया। सभी ने मिलकर उसके साथ लात-घूसों व डंडों से मारपीट की तथा मारपीट करने के बाद उसे वापस गाड़ी में डालकर सुभाष चौक के पास पटककर फरार हो गए। आरोपी कपिल ने उसे अजीत सिंह का ट्रैक्टर न चलाने को लेकर पहले भी धमकी दी थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त चार आरोपी कपिल यादव,गौरव उर्फ जितेन्द्र, उत्तम तिवारी व आशीष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को एक और आरोपी धारूहेड़ा के मोहल्ला रामनगर निवासी देवेन्द्र उर्फ दीपू को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### कई इलाकों में बादलों के बीच बूंदाबांदी, दो दिन बाद अच्छी बारिश की संभावना

# पारा पहुंचा 35 डिग्री पर, उमस भरी गर्मी ने किया परेशान

- मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगभग दो सप्ताह बाद पारा 35 डिग्री पर पहुंचते ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान कर दिया। दिन भर लोग पसीने में भीगते रहे। कई इलाकों में घने बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिली। आसमान में छाए बादल बारिश का संकेत दे रहे हैं। अगले दो दिनों में अच्छी बरसात होने की संभावना भी जताई जा रही है। वीरवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। जिले के कई भागों में हल्की बरसात और बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की कमी के साथ 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 10 जुलाई के बाद पहली बार तापमान इस स्तर पर पहुंचा है। हवा में नमी का स्तर 71 प्रतिशत तक रहने के कारण दोपहर के समय धूप निकलते ही भारी उमस बन गई। चिपचिपाहट भरी गर्मी ने लोगों को पसीने-पसीने करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कूलरों की हवा उमस के कारण बेअसर रही। अभी अच्छी बरसात होने तक उमस भरी गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आसमान में बादलों के बीच बंदाबांदी या हल्की बरसात होती रहेगी। बीच-बीच में अच्छी बारिश भी हो सकती है। तापमान में उतार-चढ़ाव भी इस दौरान बना रहेगा। 26 जुलाई से तेज बारिश हो सकती है।



रेवाड़ी। एक खेत में लहलहाती कपास की फसल। फोटो :हरिभूमि

### कपास और बाजरे के लिए मौसम अनुकूल

जिले में इस बार किसानों ने 90 हजार हेक्टयेर से अधिक जमीन पर बाजरे की खेती की है। 8 हजार हेक्टेयर में कपास की फसल खड़ी है। बार-बार हो रही बारिश के कारण दोनों फसलों को अच्छा फायदा मिल रहा है। कपास की फसल के फूल और टिंडे आने शुरू हो गए हैं। कुछ खेतों में बाजरे की फसल पर रोग के लक्षण देखने को मिल रहे हैं, जबकि कपास की फसल अभी तक पूरी तरह सुरक्षित है। मौसम अनुकूल रहने के कारण दोनों फसलों का अच्छा उत्पादन होने की संभावना बनी हुई है।

अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



## डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

## जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

## डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस



**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

## मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस



**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

## शीप एंड डॉग बिल्डिंग



**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी

शिवानी छाया

**ब**च्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।




**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।

**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।

**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

# बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले

**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
**-तृप्ति, रायपुर**

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।
**-किंशुक, बिलासपुर**

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी

आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



**आ**ज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा,'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश


# शिक्षा का महत्व बताती कहानी

**ब**च्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *




**किताब**-रेवा, **लेखक**-प्रभात, **चित्र**-प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**-75 रुपए, **प्रकाशक**-एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद



अनन्या, बिलासपुर

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। स्थानांतरित कर्मियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते सहयोगी कर्मचारी।

### रेलवे से तबादला होने पर दो कर्मियों को दी विदाई

**कोसली।** कोसली रेलवे स्टेशन के दो कर्मचारियों के स्थानांतरण पर वीरवार को एसएम कार्यालय में विदाई पार्टी का आयोजन किया। इस मौके पर स्टेशन अधीक्षक महेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि कोसली स्टेशन के कर्मचारी महेश मीणा का तबादला किशनगढ़ बालावास रेलवे स्टेशन व महिला कर्मचारी व खिलाड़ी पूनम रानी का तबादला कलानौर स्टेशन पर हो गया है। स्टेशन अधीक्षक ने दोनों को मेहनती व कर्मठ कर्मचारी बताया तथा उनकी सेवाओं की सराहना की। सहयोगी कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर स्टेशन मास्टर हरिराम गुर्जर, नीरज कुमार, छोटी देवी, सुनीता रानी, निर्मला यादव व विक्रम सिंह सहित अन्य रेलकर्मी मौजूद थे।

### कोर्ट परिसर में लोक अदालत 13 सितंबर को

**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 सितंबर को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा।

### अमरनाथ यात्रा के लिए स्पेशल रेलसेवा शुरू

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से अमरनाथ यात्रा जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर-वैष्णोदेवी कटरा-जबलपुर अमरनाथ यात्रा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर-वैष्णोदेवी कटरा अमरनाथ यात्रा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 4 अगस्त व 11 अगस्त को जबलपुर से सोमवार को सुबह 5:25 बजे रवाना होकर मंगलवार शाम 6 बजे माता वैष्णोदेवी कटरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01708 वैष्णोदेवी कटरा-जबलपुर अमरनाथ यात्रा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 5 अगस्त व 12 अगस्त को वैष्णोदेवी कटरा से मंगलवार रात 9:15 बजे रवाना होकर वीरवार को सुबह 9:35 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### दो दिन चार शिफ्टों में 74 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

# सीईटी के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

- डीसी अभिषेक मीणा बोले- सीईटी में कानून व्यवस्था देखना ड्यूटी मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी, परीक्षा के दौरान अधिकारी-कर्मचारी व परीक्षार्थी के लिए मोबाइल पर रहेगी पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिलाधीश अभिषेक मीणा ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जिला में 26 व 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली सीईटी परीक्षा को शांति प्रिय ढंग से व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 16 (1) व 17 (2) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिलाधीश अभिषेक मीणा ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें करीब 74 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगें। उन्होंने कहा कि परीक्षा सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा के दोनों दिनों के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। डीसी ने कहा कि सीईटी ग्रुप सी के सफल आयोजन के लिए नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट प्रभावी रूप से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए जिम्मेदारी निभाएं। शांतिप्रिय ढंग से पूर्ण पारदर्शिता के साथ सीईटी का आयोजन करना प्रशासन का दायित्व है। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में सीईटी को लेकर नियुक्त डयूटी मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी मीणा ने नियुक्त डयूटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि सीईटी की परीक्षा को लेकर अपनी ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही न बरतें और अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, लगन और गंभीरता से करें। डीसी ने कहा कि सीईटी परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना है। इसके लिए ड्यूटी में तैनात अधिकारी और कर्मचारी हरियाणा कर्मचारी आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की पालना सही तरीके से करें। जिस अधिकारी और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी लें।


रेवाड़ी। सीईटी को लेकर नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

#### कानून व्यवस्था को लेकर निगरानी रखी जाए

डीसी ने कहा कि परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी, ऐसे में सचिवालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक प्रश्न पत्रों को लेकर जाने में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए और परीक्षा केंद्र के बाहर व अंदर की हर गतिविधि पर पूरी तरह कानून व्यवस्था बारे निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि ओएमआर शीट प्रश्न पत्र के हिसाब से दी जाएगी। उन्होंने कहा की परीक्षा देने वालों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरे पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। डीसी ने कहा कि परीक्षा से जुड़ी गतिविधियों के दौरान संबंधित अधिकारी-कर्मचारी व परीक्षार्थी के लिए मोबाइल पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित जिला में बने परीक्षा केंद्रों के लिए नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

परीक्षा केंद्र के अंदर अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश करेगा। अधिकृत व्यक्ति के पास में उसका पहचान पत्र होगा। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति का प्रवेश नहीं होगा।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में जनसुनवाई करते डीसी अभिषेक मीणा।

## गांवों से कब्जे हटवाने व अवैध प्लॉटिंग की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- समाधान शिविर में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद की मजबूत कड़ी है। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में संबोधित कर रहे थे।

डीसी ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में जल आपूर्ति, पहचान पत्र में नाम दर्ज, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, नगर परिषद से संबंधित और राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याएं रखी गई।गांव भाडावास में गंदे नाले की सफाई के संबंध में डीसी ने अधिकारी को तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। बुध विहार में गली नंबर-6 को पक्का कराने व पेयजल की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए।

मयूर विहार में सीवरेज लाइन ब्लॉक को ठीक करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा खोरी गांव में रास्ते पर अवैध कब्जे व नया गांव दौलतपुर में मंदिर व जोहड़ पर अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश दिए। तुर्कियावास से रोजका रोड पर कृषि भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग की जांच के लिए जिला नगर योजनाकार अधिकारी को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेन्द्र कुमार, डीएसपी पवन कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## भ्रूण हत्या मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध, मानसिकता बदलें : संतोष

- महिला एवं बाल विकास विभाग ने जाहिदपुर गांव में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

महिला एवं बाल विकास विभाग नाहड़ की ओर से जाहिदपुर गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग की सुपरवाइजर संतोष ने ग्रामीणों को लिंग जांच न कराने को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। इसे रोकने के लिए समाज में फैली रूढ़िवादी सोच और बेटे बेटी में भेदभाव की मानसिकता को बदलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेटियों को अधिकार और बेटे जैसा प्यार देना होगा। महिलाओं ने लिंग जांच न कराने व बेटी बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्कर सुनीता, वीना, सुदेश, रेखा, ग्राम पंचायत की पंच रीना, आनंद व कर्मवीर नंबरदार सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।


रेवाड़ी। जाहिदपुर गांव में बेटी बचाने का संकल्प लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## अस्पताल बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी, मांग पूरी होने तक बैठे रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना वीरवार 38वें दिन भी जारी रहा। धरने पर रोजाना अलग-अलग गांवों से लोग शामिल हो रहे हैं। धरने पर रामगढ़ भगवानपुर के अलावा बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, तुर्कियावास, फदनी, मीरपुर, गोकलपुर, कुम्भावास, काकोड़िया, मुंढलिया घुड़कावास व नयागांव सहित अनेक गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भगवानपुर की जमीन अस्पताल के लिए सबसे उपयुक्त जमीन है और नए प्रस्तावित बस स्टैंड प्रजापति चौक से सिर्फ दो किलोमीटर की दूरी पर है। वीरवार को धरना स्थल पर कॉमरेड राजेंद्र सिंह, कॉमरेड रमेश चंद, कॉमरेड शेरसिंह मीरपुर, महीपाल फदनी, सतीश सरपंच बुडानी, सत्यवीर एक्स सरपंच भगवानपुर, अनिल सरपंच गोकलपुर, अशोक एक्स सरपंच मीरपुर, एडवोकेट सुधीर कुमार मीरपुर,अभय सिंह फिदेड़ी, सतीश सरपंच बुड़ानी, खजान सिंह एक्स सरपंच बुड़ानी, रामकुमार बुड़ानी, पृथ्वी सिंह बालियर खुर्द, अमरजीत फिदेड़ी, सुदन लाल एक्स सरपंच फिदेड़ी, हसन जोडवाडा जालोर राजस्थान, लखपत भगवानपुर, नवल सिंह बुढ़ाना, इंद्रजीत नंबरदार रामगढ़, कृष्णा देवी भगवानपुर सरपंच, गीता देवी, कविता देवी, सुशीला, मुकेश, रमेश, शीला, मोनिका व निर्मला सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।


रेवाड़ी। रामगढ़ भगवानपुर में धरने पर मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## सड़क सुरक्षा के नियम बताए, प्राथमिक उपचार सिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण पंचकूला की ओर से प्रारंभ किए गए विशेष अभियान रोड सेफ्टी, लाइफ टूल्स-आपातकालीन देखभाल एवं प्रथम प्रतिक्रिया के तहत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से जैन पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया। सीजेएम अमित वर्मा ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को जागरूक नागरिक बनने, यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार और समाज में भी इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों को सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों, ट्रैफिक नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सही प्रतिक्रिया देने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस की टीम द्वारा छात्रों को प्राथमिक उपचार की बुनियादी तकनीकों का प्रदर्शन किया, जिसमें घायल व्यक्ति की देखभाल, खून बहने की स्थिति में क्या करें, सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीक शामिल थी। छात्रों को गोल्डन ऑवर की महत्ता के बारे में बताया गया, जिसमें समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। अधिवक्ता गोपेश नारायण ने भी छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित बाल-अनुकूल विधिक सेवा योजना की जानकारी साझा की। उन्होंने छात्रों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं एवं एनएलएसए हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी अवगत कराया, जिससे आवश्यकता पड़ने पर कोई भी व्यक्ति सरलता से विधिक सहायता प्राप्त कर सकें।


रेवाड़ी। कार्यशाला में जानकारी देते रेडक्रास कर्मी।

## आईजीयू के वाणिज्य विभाग के छात्रों का नेट जेआरएफ परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

- वाणिज्य विभाग में 2 वर्षीय एमकॉम में ग्रेजुएशन के बाद दाखिले के लिए 28 जुलाई तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने यूजीसी नेट एवं जेआरएफ की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विभाग की दो छात्रा प्रिया एवं दिव्या ने जूनियर रिसर्च फैलोशिप यानि जेआरएफ में सफलता प्राप्त की, जबकि रितिका, अंजलि, रेनू, प्रदीप, कंचन, गीता, पायल, मीना, सुप्रिया, भारती व मुस्कान कुमारी सहित 11 विद्यार्थियों में ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अदिति शर्मा एवं सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी। प्रोफेसर अदिति ने बताया कि वाणिज्य विभाग विश्वविद्यालय के सबसे पुराने एवं बड़े विभागों में से एक है, जिसमें 17 नियमित शिक्षक स्टाफ उपलब्ध है। विभाग में 5 वर्षीय तथा 2 वर्षीय एमकॉम प्रोग्राम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से 5 वर्षीय एमकॉम की सभी सीटें भर चुकी है, जबकि 2 वर्षीय एमकॉम में ग्रेजुएशन के बाद दाखिला लिया जाता है, जिसमें कुछ सीटें रिक्त बची हुई है, जिनके लिए इच्छुक विद्यार्थी 28 जुलाई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न शैक्षणिक विभागों में सत्र 2025-26 के दूसरे चरण के दाखिले के लिए अभ्यर्थी बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स रिसर्च) गणित, रसायन विज्ञान, बीएचएमसीटी, एमए (अंग्रेजी/ हिंदी/ इतिहास/ राजनीति विज्ञान/योग/अर्थशास्त्र), एमसीए,एमकॉम (2 वर्षीय), एमएससी. (गणित कंप्यूटर साइंस), एमएससी भौतिकी/ पर्यावरण विज्ञान/मनोविज्ञान कार्यक्रमों में 28 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी आवेदन फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग में 29 जुलाई सुबह 11:30 बजे तक जमा करा सकते हैं। 29 जुलाई को ही दोपहर 1 बजे मेरिट सूची प्रदर्शित कर दी जाएगी। सबसे पहले संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सीटें दी जाएंगी। यदि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं, तो शेष सीटें स्वतः ही हरियाणा ओपन सामान्य श्रेणी में परिवर्तित होकर भरी जाएगी। यदि हरियाणा ओपन सामान्य श्रेणी के पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं। सभी विभागों में संबंधित प्रोग्राम के कोर्स कोआर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं ताकि विद्यार्थी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।


प्रोफेसर अदिति।


रेवाड़ी। आईजीयू के नेट व जेआरएफ पास करने वाले विद्यार्थी।

## रेवाड़ी के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने बैंकॉक में नौ मेडल जीते



**रेवाड़ी।** हाल ही में थाईलैंड के बैंकाक शहर में आयोजित हुई 11वीं ताइक्वांडों इंटरनेशनल चैंपियनशिप में रेवाड़ी जिले के 9 खिलाड़ियों ने भारत देश की ओर से खेलते हुए 9 पदक प्राप्त किए। खिलाड़ियों के जिले में पहुंचने पर जिला खेल ताइक्वांडों संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सतपाल धूपिया, धर्मवीर बल्ड़ोदिया, प्रधान एडवोकेट उत्तम सिंह, कृष्ण यादव उपाध्यक्ष, होशियार सिंह उपाध्यक्ष, श्रुति शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेन्द्र सैनी प्रशिक्षक व दीपचन्द यादव सहित अनेक अभिभावक उपस्थित थे। प्रतियोगिता में वर्षा रानी व रोहित यादव ने रजत पदक तथा विवेक, अंशु, यशिका सैनी, मनबीर, प्रशांक, हर्ष व नेहा शर्मा ने कांस्य पदक हासिल किए।

## मेहंदी व पतंग मेकिंग प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका में वीरवार को तीज उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता व पतंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। नन्हें मुन्हें बच्चों ने रंग बिरंगी पतंगें बनाकर सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। आयो रे सावन आयो, चलो छोरियां झूला झूले, तीज सिंदारा घेवर खाओ मिलकर तीज मनाओ गीतों पर सभी झूम उठे। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेश कुमार यादव ने सभी को तीज के त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाएं उभरकर सामने आती है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में मेहंदी दिखाती छात्राएं तथा प्रतियोगिता में पतंग दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बाल भवन में 1 व 2 अगस्त को होगी योगासन खेल प्रतियोगिता

## योग प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने नए इवेंट्स का लिया प्रशिक्षण

- कएसोसिएशन की ओर से ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

भारत सरकार के युवा एव खेल मंत्रालय से अनुमोदित हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के राज्य सचिव व योगासन रेवाड़ी के अध्यक्ष डॉ. युद्धवीर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन योगासन के जिला सचिव नितिन कुमार ने किया। सत्र का मुख्य उद्देश्य योगासन खिलाड़ियों को योगासन खेल में जोड़े गए नए इवेंट्स की जानकारी देना तथा शंका का समाधान करना था। सचिव नितिन कुमार व टेक्निकल सचिव राकेश छिल्लर ने बताया कि आगामी जिला एव राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 10 इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इवेंट्स के नियमों के बारे में जानकारी दी। डॉ. युद्धवीर ने बताया कि जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 1 व 2 अगस्त को मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में किया जाएगा तथा राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी रेवाड़ी में ही किया जाएगा।


रेवाड़ी। ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र में भाग लेते कोच व खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

#### 10 से 55 वर्ष की आयु के सभी महिला व पुरुष भाग ले सकते हैं

डॉ. युद्धवीर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 से 55 वर्ष की आयु के सभी महिला व पुरुष भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अच्छे से मेहनत कर सभी नियमों को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता की तैयारी करें। उन्होंने बताया कि जिला स्तर की प्रतियोगिता के बाद राज्य स्तर के प्रतियोगिता से पहले विशेष प्रशिक्षण कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी योगासन खेल के कोचों से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर तैयार करने का आह्वान किया ताकि खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकें। सत्र में कोषाध्यक्ष प्रेम यादव, डा. राजकुमार, भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय योगासन कोच प्रियंका व जिले के प्रशिक्षित योगासन कोच सहित स्कूलो के कोच, पीटीई तथा बच्चों ने भाग लिया।

## हॉकी में कंवाली का सरकारी और बालाजी स्कूल विजेता

- खंड स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का वीरवार को समापन हुआ
- चयनित खिलाड़ी जिला स्तर पर लेंगे भाग
- अंडर-19 वर्ष आयु वर्ग में गोठड़ा टप्पा डहिना की टीम द्वितीय रही

**रेवाड़ी।** कंवाली के हॉकी खेल मैदान में आयोजित खंड स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का वीरवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने की। प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ष आयु वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोठड़ा टप्पा डहिना द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोतला कला तृतीय स्थान पर रही। अंडर-17 आयु वर्ग में प्रथम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली, द्वितीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोतला कला व तृतीय श्री बालाजी इंटरनेशनल स्कूल कंवाली तथा अंडर-14 आयु वर्ग में श्री बालाजी इंटरनेशनल स्कूल कंवाली ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली ने द्वितीय व पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोड़िया कमालपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डीपी राकेश, सुनीता देवी, राजीव कुमार, अशोक कुमार मौजूद रहे।


रेवाड़ी। हॉकी खिलाड़ियों से मिलते हुए प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, हर्ष वर्धन पुत्र श्री मामन चन्द निवासी शिव कालोनी, नाहड़ रोड़, रेलवे स्टेशन कोसली, तहसील कोसली-123302 जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम हर्ष वर्धन (HARSH VERDHAN) से बदलकर हर्ष वर्धन (HARSH VARDHAN) रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे हर्ष वर्धन (HARSH VARDHAN) नाम से ही जाना जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मरम्मत कार्य के कारण दो घंटे रहेगी बिजली बाधित

**कोसली।** गुड़ियानी गांव के 33 केवी पावर हाउस में 25 जुलाई को सुबह 8:05 बजे से 10:05 बजे तक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण बिजली बाधित रहेगी। प्रभारी चंद्रजीत एसएसए 33 केवी जेसी 1 गुड़ियानी ने बताया कि11 केवी मुरलीपुर एपी, गुड़ियानी एपी व भूरियावास से जुड़े फीडर पर घरेलू सप्लाई बाधित रहेगी।

### यादव कल्याण सभा का फ्री कैंप व बैठक 27 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 27 जुलाई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। यादव कल्याण सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एस पी यादव मेडिसिन, डा. प्रशान्त यादव हड्डीरोग, डा. प्रद्युम्न यादव सर्जरी यूरोलॉजी, डा. कंचन नेत्र रोग व डा. सुमन यादव स्त्री रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह फिजियोथेरेपी की सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि कैंप के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास मुख्य संरक्षक के सानिध्य में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में महीने के आय-व्यय के अलावा विभिन्न मासिक गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।

### परिजनों ने बावल थाने में दर्ज कराई शिकायत, पुलिस ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

# सरकारी की जगह प्राइवेट में ले गया, मौत के बाद वसूली रकम

## एंबुलेंस चालक-प्राइवेट अस्पताल का गठजोड़

- मृतक के रिश्तेदार की शिकायत पर बावल थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/बावल

एंबुलेंस चालक मरीजों के परिजनों को किस कदर मनमानी का शिकार बनाते हैं, उसका ताजा घटनाक्रम बावल में सामने आया है। मरीज के परिजन एंबुलेंस चालक से उसे सरकारी अस्पताल ले जाने के लिए गुहार लगाते रहे, परंतु वह उनकी बात को अनसुना करते हुए प्राइवेट अस्पताल में ले गया। वहां मरीज की मौत के बावजूद उसे जिंदा बताकर 10 हजार रुपये वसूले गए। इसके बाद जब परिजन सरकारी अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने उसकी मौत काफी देर पहले होने की बात कही। मृतक के रिश्तेदार की शिकायत पर बावल थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। यूपी के सिमरिया निवासी 32 कुमार राजेश कुमार कनुका गांव में परिवार के साथ रह रहा था। वह मेहनत-मजदूरी करते हुए परिवार चला रहा था।

उसके साले यूपी निवासी राजकुमार ने बताया कि उसके जीजा को बुधवार सायं पेट दर्द हुआ था। परिजन उसे एक प्राइवेट अस्पताल ले गए थे। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे दूसरे अस्पताल ले जाने के कहा गया था। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई थी। राजकुमार ने बताया कि एंबुलेंस चालक को मरीज सरकारी अस्पताल में ले जाने के लिए कहा गया था, परंतु वह जबरन राजेश को एक प्राइवेट अस्पताल में ले गया। वहां उसे एडमिट कर लिया गया।

कुछ समय बाद अस्पताल संचालक ने बताया कि मरीज की हालत नाजुक है। उसे दूसरे अस्पताल में ले जाओ। इसके बदले उन्हें 10 हजार रुपये जमा कराने के लिए कहा गया। परिजनों ने गरीब परिवार होने के कारण इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जाहिर की। राजकुमार ने आरोप लगाया कि अस्पताल संचालक अपनी जिद पर अड़ा रहा। उसने किसी तरह पैसे का इंतजाम किया। पैसे जमा कराने के बाद जब राजेश को सरकारी अस्पताल बावल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने बताया कि उसकी काफी समय पहले मौत हो चुकी है।



रेवाड़ी। बावल के इस प्राइवेट अस्पताल में मरीज की मौत हुई तथा इनसेट में शिकायतकर्ता राजकुमार। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने शव को लिया कब्जे में

युवक का शव अस्पताल आने की सूचना के बाद थाना बावल पुलिस मौके पर पहुंच गए। राजकुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई, तो पुलिस ने अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करा दिया। मौत के समय का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस चालक ने मना करने के बावजूद राजेश को प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां मौत के बावजूद भी उनसे पैसा वसूल किया गया।

### पांच बच्चों का पिता था राजेश

राजेश के परिवार में उसकी पत्नी के साथ-साथ पांच बच्चे भी हैं। इनमें चार लड़कियां हैं। वह परिवार चलाने के लिए इस क्षेत्र में मेहनत मजदूरी करता था। उसकी पत्नी भी काम में उसका हाथ बंटाती थी। राजेश की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पांच बच्चों के पालन-पोषण का संकट उसकी पत्नी और परिवार के सामने खड़ा हो गया है।

### जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

एंबुलेंस चालक प्राइवेट अस्पताल संचालक से सांठगांठ के चलते मरीज को सरकारी की बजाय प्राइवेट अस्पताल में ले गया। वहां मौत के बाद भी उसे जिंदा बताकर पैसे वसूल किए गए। पुलिस को इसकी शिकायत मिल चुकी है। इस पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

-**सुनील रंगा,** जांच अधिकारी।


रेवाड़ी। अधूरा छोड़ा गया सुर्खपुर गांव से गुड़ियानी गांव जाने वाला मार्ग।

# दो वर्षो से अधूरा पड़ा सुर्खपुर से गुड़ियानी सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

- वाहन चालकों के साथ साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही

कोसली क्षेत्र के गांव सुर्खपुर के ग्रामीणों को गांव से गुड़ियानी जाने के लिए गत दो वर्षों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग की ओर से सुर्खपुर से गुड़ियानी जाने वाले मार्ग पर रोड़ियां डालकर अधूरा छोड़ रखा है, जिसके कारण वाहन चालकों के साथ साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीण मुनीलाल, कंवर सिंह, सतपाल, मनोज, सूबे सिंह, सुरेन्द्र, महेंद्र सिंह, राजेश,राम फल, इंद्रजीत व सुरेंद्र नंबरदार ने बताया कि मार्ग से स्कूल जाने वाले गांव के सैकड़ों बच्चों को शादीपुर अथवा अहमदपुर गांव होकर गुड़ियानी जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग को बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने मई 2023 में रोड़ियां डाल दी थी, लेकिन रोड की चौड़ाई बढ़ाने के विरोध में कुछ किसान कोर्ट में चले गए। कोर्ट ने विभाग को निर्धारित सीमा में ही रोड बनाने का आदेश दिया। जुलाई 2023 में लोकनिर्माण विभाग ने रोड की पैमाइश कराई, लेकिन उसके बाद रोड को ऐसे ही छोड़ दिया गया। अधूरे रोड को बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीण पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह यादव से लेकर वर्तमान विधायक अनिल यादव, जिला उपायुक्त व एसडीएम से भी मिल चुके हैं, परंतु आज तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने अधूरे रोड का निर्माण जल्द कराने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सत्येन्द्र श्योराण ने बताया कि इस रोड की एलाइनमेंट के लिए कुछ वृक्षों की कटाई होनी थी।

# बुड़ौली के शिव मंदिर में हवन मेले व भंडारे का भव्य आयोजन

- भजनों से भोले बाबा की महिमा का गुणगान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

क्षेत्र के गांव बुड़ौली के नवनिर्मित शिव मंदिर में वीरवार को हवन, मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आस पास गांव के अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित मुकेश शर्मा ने भजनों से भोले बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर कोसली विधायक अनिल यादव, जिला पार्षद भूपेंद्र खोला, ब्लॉक समिति चेयरमैन करणपाल यादव व विक्रम पांडे सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। कांवड़ सेवा शिविर समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव बुड़ौली में नव निर्मित शिव मंदिर में पिछले 15 वर्षो से भव्य मेले और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। गांव में भोले बाबा की अपार श्रद्धा है। सावन की शिवरात्रि पर गांव में डाक कांवड़ के साथ-साथ अनेक भक्त हरिद्वार से झूला कांवड़ से गंगाजल लाकर भोले बाबा का जलाभिषेक करते है। इस मौके पर सरपंच, पंच व समिति सदस्यों सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।


रेवाड़ी। शिव मंदिर में हवन करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### भगवान महावीर विद्यापीठ चुनाव

# 19 प्रत्याशी मैदान में, 24 अगस्त को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भगवान महावीर विद्यापीठ के 24 अगस्त को होने वाले त्रिवार्षिक चुनाव के लिए वीरवार को 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। चार पदों के लिए दो-दो तथा सचिव पद के लिए तीन नामांकन जमा हुए।

चार सदस्यों के लिए 8 नामांकन दाखिल किए गए। 25 जुलाई को नामांकन पत्रों पर आपत्ति की सुनवाई की जाएगी, जबकि 26 जुलाई को नामांकन वापस लिए जा सकते हैं।

24 अगस्त रविवार को जैन पब्लिक स्कूल के प्रांगण मतदान कराया जाएगा तथा इसी दिन देर शाम तक परिणाम घोषित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विवेक जैन तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी नितिन जैन ने बताया कि वीरवार को विभिन्न पदों के लिए 19 नामांकन जमा किए गए।

25 जुलाई को नामांकन पत्रों पर यदि कोई आपत्ति होती है तो उसकी सुनवाई की जाएगी।

### इनके नामांकन हुए प्राप्त

प्रधान पद के लिए मोहित व प्रदीप, उप प्रधान पद के लिए सीमा व विनोद, सचिव पद के लिए अमित, अरूण व दीपक, सहसचिव-प्रबंधक पद के लिए अंकित व प्रवीण तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए नितिन व सचिन के नामांकन प्राप्त हुए। इसके अलावा शासकीय निकाय सदस्य के चार पदों के लिए अनुज, भारत, निपुण, नितिन, पंकज, प्रद्युम्न, रविंद्र व विजय के नामांकन दाखिल किए गए।

# पुलिस थाने पहुंची कुत्ते और मुर्गी की जंग, मारपीट और धमकी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

खुर्मपुर गांव में एक घर से कुत्ता मुर्गी उठा ले गया। कुत्ते के मालिक से मुर्गी के मालिक को शिकायत की, तो उसके और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर दी। मामला पुलिस थाने में पहुंच गया। परिजनों ने अब पुलिस से आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। गांव निवासी अंकित ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने अपने घर पर मुर्गी पाल रखी हैं। उसके पड़ोसी का कुत्ता उसकी मुर्गी उठाकर ले गया।

जब वह पड़ोसी के घर अपनी मुर्गी लाने के लिए गया, तो उसने उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। अंकित ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके और उसके परिजनों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इन लोगों ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। शिकायत सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।


रेवाड़ी। पुलिस थाने शिकायत लेकर पहुंचा परिवार। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। कैंप में अभिभावकों के साथ दिव्यांग बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# पांच दिनों में 109 दिव्यांग छात्रों के मेडिकल प्रमाण पत्र बने व 140 को उपकरणों के लिए किया चिन्हित

- वीरवार को नागरिक अस्पताल में जाटूसाना खंड के दिव्यांग बच्चों का लगाया गया कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

समग्र शिक्षा के तहत वीरवार को नागरिक अस्पताल में जाटूसाना खंड के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जाटूसाना खंड के 40 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया, जिसमें 7 दिव्यांगों के नए चिकित्सीय प्रमाण-पत्र बनाए गए तथा 20 दिव्यांगों को सहायक उपकरण के लिए नामांकित किया गया। इस मौके पर जरूरतमंद बच्चों के रेलपास तथा बसपास भी बनाए गए। कैंप में दिव्यांग छात्रों के अभिभावक भी मौजूद थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रावमावि जाटूसाना के प्राचार्य ने की तथा जिले के सभी विशेष अध्यापक कैंप में मौजूद थे। कैंप में सिविल अस्पताल के डा.जोगेन्द्र सिंह तवंर के साथ सभी चिकित्सकों तथा स्टाफ ने सहयोग दिया।

डीपीसी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि नागरिक अस्पताल में पांच दिन तक चले चिकित्सा जांच शिविर में जिले के 5 खंडों के 288 दिव्यांग छात्रों का पंजीकरण किया गया, जिसमें कि 109 छात्रों के मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए गए तथा 140 दिव्यांग छात्रों को सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया।

उन्होंने बताया कि कैंप में चयनित दिव्यांग छात्रों को एलीमको के माध्यम से जल्द ही सहायक उपकरण दिए जाएंगे, जिनका वितरण समग्र शिक्षा कार्यालय की ओर से किया जाएगा। नागरिक अस्पताल में पांच दिन चले चिकित्सा जांच शिविर में समग्र शिक्षा के समस्त विशेष अध्यापकों, समस्त प्राचार्य आईईडी मॉडल विद्यालय एवं जिला परियोजना संयोजक कार्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।


रेवाड़ी। दिव्यांग की जांच करते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते खेड़ी मोतला के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# खेड़ी मोतला से शराब ठेका हटवाने की मांग ग्रामीणों ने डीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** खेड़ी मोतला में शराब का ठेका हटवाने की मांग को लेकर वीरवार को जिला सचिवालय पहुंचने ग्रामीणों ने डीसी के नाम का ज्ञापन डीडीपीओ नरेंद्र सारवान को सौंपा। ग्रामीणों ने डीसी से जल्द शराब का ठेका हटवाने की मांग की है। वीरवार को बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ ग्रामीण जिला सचिवालय पहुंचे। उन्होंने डीसी का नाम का ज्ञापन डीडीपीओ को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि गांव में शराब का ठेका खोला गया, उससे सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। शराब के ठेके आसपास शराबियों का जमावड़ा रहता है। यहां से महिलाएं व बच्चियां भी गुजरती हैं। शराबी उन पर टिप्पणियां करने से भी बाज नहीं आते। शराब के ठेके कारण माहौल खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि शराब के ठेके को तुरंत गांव से हटवाया जाए। ठेका नहीं हटने पर ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में आज कलश यात्रा से शुरू होगी कथा

**रेवाड़ी।** शहर के गढी बोलनी रोड स्थित बीएमजी सिटी के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 25 जुलाई से शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया जाएगा। कलश यात्रा से शुरू होने वाली महाकथा के साथ सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजा एवं महामृत्युंजय जप यज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि चित्रकूट से आए लखन महाराज शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। कथा की शुरूआत के पहले दिन महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर के मुख्य संयोजक राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर बाद 3 बजे से 7 तक तथा महामृत्युंजय जाप एवं सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन सुबह 8 बजे से 11 तक किया जाएगा, जिसमें शहर से कई दंपति एक साथ पूजा अर्चना करेंगे। शिव महापुराण कथा 7 दिन चलेगी। शिव महापुराण कथा में विजय कुमार गुप्ता, रिपु दमन गुप्ता, रवि गुप्ता अनिल किसनानी, शक्ति यादव, महेंद्र गोयल, लक्ष्मण अग्रवाल, राज गर्ग, एडवोकेट अश्वनी तिवारी व नरेश यादव सहित कई लोगों ने योगदान दिया है।

**सुविधा** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने दी जानकारी

# यात्रियों के लिए दौराई अजमेर-गोड्डा साप्ताहिक नई रेलसेवा संचालित होगी, 26 को चलेगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए दौराई अजमेर-गोड्डा-दौराई अजमेर साप्ताहिक नई रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09604 गोड्डा-दौराई अजमेर उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा गोड्डा से 26 जुलाई शनिवार को संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09604 गोड्डा-दौराई अजमेर उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा 26 जुलाई को गोड्डा से शाम 4 बजे रवाना होकर 28 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे दौराई पहुंचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में पोडैयाहाट, हंसडीहा, मोहनपुर, देवघर, जसीडीह, झाझा, किऊल, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय, चुनार, मिर्जापुर, सुबेदारगंज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ, गाजियाबाद, दिल्ली, गुरुग्राम, रेवाड़ी, अटेली, नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, किशनगढ व अजमेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।


रेवाड़ी। रेवाड़ी जंक्शन से गुजरती हुई एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा में सुविधाएं

इस उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा में 2 सैकेंड एसी, 3 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनामी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 गार्ड डिब्बा व 1 पॉवरकार डिब्बों सहित कुल 21 डिब्बे होंगे। यह रेलसेवा नियमित गाड़ी संख्या 19603/19604 दौराई अजमेर-गोड्डा-दौराई अजमेर साप्ताहिक नई रेलसेवा के रूप में संचालित होगी।गाड़ी संख्या 19603 दौराई अजमेर-गोड्डा साप्ताहिक रेलसेवा 3 अगस्त से दौराई से प्रत्येक रविवार को शाम 3:30 बजे रवाना होकर सोमवार को रात 10:20 बजे गोड्डा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19604 गोड्डा-दौराई अजमेर साप्ताहिक रेलसेवा 5 अगस्त से गोड्डा से प्रत्येक मंगलवार को सुबह 5 बजे रवाना होकर बुधवार को शाम 5:20 बजे दौराई पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, अटेली, रेवाड़ी, गुरुग्राम, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, चुनार, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, देवघर, मोहनपुर, हंसडीहा व पोडैयाहाट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस नियमित रेलसेवा में 2 सैकेंड एसी, 3 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनामी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार, 1 गार्ड व 1 पेंट्रीकार डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।